गोरखनाथ मंदिर के भीम सरोवर और मानसरोवर का अधिकारियों ने लिया जायजा

गोरखपुर, १३ नवम्बर। छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन



❖ डीआईजी, डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण घाटों पर भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर दिये निर्देश

और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। पर्व के दौरान व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो तथा घाटों पर शांति और सुरक्षा बनी रहे, इसके लिए शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक एस. चन्नप्पा, जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने गोरखनाथ मंदिर स्थित भीम सरोवर और मानसरोवर मंदिर परिसर में छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने घाटों पर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, श्रद्धालुओं के आवागमन और जलाशयों के आसपास सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ पर्व के दौरान सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रहें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक टीमें सतर्क रहें। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दोनों प्रमुख पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का आकलन किया। भीम सरोवर और मानसरोवर में बड़ी संख्या में व्रती महिलाओं और उनके परिजनों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में घाटों पर भीड़ को नियंत्रित रखने, श्रद्धालुओं के आने-जाने के रास्तों को व्यवस्थित रखने और किसी भी स्थान पर अनावश्यक भीड़ एकत्र नहीं होने देने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे और पुलिसकर्मी लगातार भ्रमणशील रहकर व्यवस्था पर नजर रखें। जलाशयों में गहरे पानी वाले स्थानों और खतरनाक किनारों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार, एसपी मंदिर सुरक्षा संतोष सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

इकहरी यात्रा को चलेगी सात विशेष ट्रेनें

गोरखपुर, १३ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ पर्व को ध्यान में रखते हुये रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 09449 अहमदाबाद-छपरा त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन अहमदाबाद से 14 नवम्बर को इकहरी यात्रा के लिये किया जायेगा। 09449 अहमदाबाद-छपरा त्यौहार विशेष गाड़ी 14 नवम्बर को अहमदाबाद से 1 बजे प्रस्थान कर छायापुरी से 4.30 बजे, गोधरा से 5.32 बजे, रतलाम से 8.25 बजे, नागदा से 9.32 बजे, रामगंज मण्डी से 11.47 बजे, कोटा से 13.15 बजे, सवाई माधोपुर से 14.37 बजे, गंगापुर सिटी से 15.35 बजे, बयाना से 17.05 बजे, ईदगाह आगरा से 19.35 बजे, टुण्डला से 21.35 बजे, दूसरे दिन गोविन्दपुरी से 1.50 बजे, प्रयागराज जं. से 5 बजे, ज्ञानपुर रोड से 6.17 बजे, वाराणसी से 7.55 बजे, औड़िहार से 9.40 बजे, गाजीपुर सिटी से 10.55 बजे तथा बलिया से 12 बजे छूटकर छपरा 14.10 बजे पहुंचेगी। 09121 उत्राण-लालकुंआ त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन उत्राण से 14 नवम्बर को इकहरी यात्रा के लिये किया जायेगा। 09121 उत्राण-लालकुंआ त्यौहार विशेष गाड़ी 14 नवम्बर को उत्रान से 14.15 बजे प्रस्थान कर भरूच से 14.53 बजे, बड़ोदरा से 16.01 बजे, गोधरा से 17.27 बजे, रतलाम से 20.50 बजे, दूसरे दिन कोटा से 35 बजे, सवाई माधोपुर से 1.45 बजे, भरतपुर से 4.10 बजे, मथुरा जं. से 5 बजे, हजरत निजामुद्दीन से 7.40 बजे, गाजियाबाद से 8.30 बजे, हापुड़ से 9.13 बजे, अमरोहा से 10.09 बजे, मुरादाबाद से 11.15 बजे तथा रामपुर से 11.53 बजे छूटकर लालकुंआ 13.20 बजे पहुंचेगी। 04670 लुधियाना-कटिहार त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन लुधियाना से 14 नवम्बर को इकहरी यात्रा के लिये किया जायेगा। 04670 लुधियाना-कटिहार त्यौहार विशेष गाड़ी 14 नवम्बर को लुधियाना से 6.30 बजे प्रस्थान कर ढंडारीकलां से 6.47 बजे, सरहिन्द से 7.35 बजे, राजपुरा से 8.30 बजे, अम्बाला कैण्ट से 9.35 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 10.09 बजे, सहारनपुर से 10.45 बजे, मुरादाबाद से 14.33 बजे, बरेली से 15.50 बजे, शाहजहाँपुर से 16.54 बजे, सीतापुर से 19.10 बजे, बुढ़वल से 20.42 बजे, गोण्डा से 22 बजे, बस्ती से 23.12 बजे, खलीलाबाद से 23.46 बजे, दूसरे दिन गोरखपुर से 1 बजे, देवरिया सदर से 2.14 बजे, भटनी से 3.02 बजे, सीवान से 3.40 बजे, छपरा से 4.40 बजे, सोनपुर से 5.45 बजे, हाजीपुर से 6 बजे, बछवारा से 7.50 बजे, बरौनी से 9.40 बजे, खगड़िया से 10.40 बजे तथा मानसी से 10.55 बजे छूटकर कटिहार 14 बजे पहुंचेगी। 04672 छेहरटा-जयनगर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन छेहरटा से 13 नवम्बर को इकहरी यात्रा के लिये किया जा रहा है। 04672 छेहरटा-



❖ त्यौहारों पर होगा संचलन

जयनगर त्यौहार विशेष गाड़ी 13 नवम्बर को छेहरटा से 22.20 बजे प्रस्थान कर अमृतसर से 22.55 बजे, ब्यास से 23.25 बजे, दूसरे दिन जलंधर सिटी से 10 बजे, फगवाडा से 30 बजे, ढंडारीकलां से 1.35 बजे, सरहिन्द से 2.18 बजे, राजपुरा से 2.40 बजे, अम्बाला कैण्ट से 3.35 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 4.19 बजे, सहारनपुर से 5.15 बजे, मुरादाबाद से 8.25 बजे, बरेली से 10.25 बजे, सीतापुर से 13.40 बजे, गोण्डा से 16 बजे, गोरखपुर से 19.10 बजे, सीवान से 21.02 बजे, छपरा से 22.20 बजे, हाजीपुर से 23.55 बजे, तीसरे दिन मुजफ्फरपुर से 50 बजे, समस्तीपुर से 2.20 बजे, दरभंगा से 3.35 बजे तथा मधुबनी से 4.22 बजे छूटकर जयनगर 6 बजे पहुंचेगी। 04532 चण्डीगढ़-मऊ त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन चण्डीगढ़ से 13 नवम्बर को इकहरी यात्रा के लिये किया जा रहा है। 04532 चण्डीगढ़-मऊ त्यौहार विशेष गाड़ी 13 नवम्बर,2026 को चण्डीगढ़ से 23.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन अम्बाला कैण्ट से 25 बजे, सहारनपुर से 2.30 बजे, रूड़की से 3.12 बजे, मुरादाबाद से 6.20 बजे, बरेली से 7.44 बजे, शाहजहाँपुर से 8.42 बजे, लखनऊ से 11.55 बजे, रायबरेली से 13.30 बजे, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से 15.15 बजे, वाराणसी से 18.40 बजे तथा औड़िहार से 19.30 बजे छूटकर मऊ 21.30 बजे पहुंचेगी। 05519 सीतामढ़ी-आनन्द विहार टर्मिनल वाया गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन इकहरी यात्रा हेतु 17 नवम्बर (मंगलवार) को निम्नवत किया जायेगा। 05519 सीतामढ़ी-आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार विशेष गाड़ी 17 नवम्बर (मंगलवार) को सीतामढ़ी से 11.50 बजे प्रस्थान कर बैरगनिया से 12.25 बजे, घोड़ासहन से 12.48 बजे, रक्सौल से 13.40 बजे, सिकटा से 14.02 बजे, नरकटियागंज से 15.10 बजे, बगहा से 16.10 बजे, सिसवा बाज़ार से 17.54 बजे, कप्तानगंज से 18.17 बजे, गोरखपुर से 19.25 बजे, गोंडा से 21.32 बजे, दूसरे दिन लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 40 बजे, मुरादाबाद से 5.55 बजे तथा गाज़ियाबाद से 8.17 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 9.15 बजे पहुँचेगी। 04080 नई दिल्ली-दरभंगा आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन इकहरी यात्रा हेतु 13 नवम्बर (शुक्रवार) को किया जा रहा है। 04080 नई दिल्ली-दरभंगा आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 13 नवम्बर (शुक्रवार) को नई दिल्ली से 22.30 बजे प्रस्थान कर गाज़ियाबाद से 23.05 बजे, दूसरे दिन अलीगढ़ से 1.22 बजे, कानपुर सेंट्रल से 6.30 बजे, प्रयागराज जं. से 11.40 बजे, ज्ञानपुर रोड से 12.34 बजे, वाराणसी जं. से 14.20 बजे, औड़िहार से 15.17 बजे, गाजीपुर सिटी से 16.05 बजे, बलिया से 17.02 बजे, सुरेमनपुर से 17.39 बजे, छपरा से 19.05 बजे, सोनपुर से 20.30 बजे, हाजीपुर से 20.45 बजे, मुजफ्फरपुर से 21.50 बजे, समस्तीपुर से 23.40 बजे तथा तीसरे दिन लहेरियासराय से 35 बजे छूटकर दरभंगा 1 बजे पहुँचेगी।

छठ महापर्व पर सिटी में रुट डायवर्जन

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, १३ नवम्बर। छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और नगर क्षेत्र के लोगों जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए आगामी १५ और १६ नवम्बर को दो दिन यातायात पुलिस ने नगर क्षेत्र में रुट डायवर्जन लागू किया है। यातायात कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यवस्था १५ नवम्बर दिन रविवार को दोपहर ३ बजे से रात ८ बजे तक और १६ नवम्बर को तड़के ३ बजे से कार्यक्रम की समाप्ति अथवा सुबह १० बजे तक लागू रहेगा। इस दौरान लखनऊ,संतकबीरनगर और बस्ती की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को नौसढ़ से ही डायवर्ड कर दिया जायेगा, उक्त वाहन बाघागाड़ा, रामनगर कड़जहां फोरलेन मार्ग होकर गनतव्य हो जायेंगे। इसी क्रम में वाराणसी, बड़हलगंज मार्ग से शहर की तरफ आने वाले वाहन को बाघागाड़ा से ही रामनगर कड़जहां फोरलेन की तरफ डायवर्ड किया जायेगा। उक्त वाहन उसी मार्ग का उपयोग कर गनवत्य तक पहुंचेंगे। सोनौली,महाराजगंज और फरेन्दा की तरफ से आने वाले वाहनों को बरगदवा में ही स्पोर्टसकालेज मार्ग की तरफ मोड़ दिया जायेगा उक्त वाहन खजांची चौराहा, असुरन, पादरी बाजार मार्ग का उपयोग कर गनवत्व तक जायेंगे। बरगदवा से आगे गोरखनाथ मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित होगा। यातायात पुलिस के अनुसार इस दौरान निगम की बसें, गैंस सिलेण्डर वाहन, सहित अन्य सरकारी वाहन मोहद्दीपुर, चार फाटक ओवरब्रिज, जेल रोड बाईपास, असुरन, खजांची चौराहा का उपयोग करेंगे। टीआई ने बताया कि डायवर्जन के दौरान भी आपात कालीन सेवा में लगे वाहनों को इस दौरान छूट दिया जायेगा।

विवाहिता २५ लाख के जेवर लेकर प्रेमी संग फरार

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, १३ नवम्बर। गोरखनाथ थाना क्षेत्र में विवाहिता के प्रेमी संग फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दिये तहरीर में पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि नववधु अपने साथ २५ लाख के जेवरात दो लैपटॉप और लगभग १.५० लाख रुपया नगद लेकर गई है। मामले में पुलिस ने गुरुवार रात महिला के एक रिश्तेदार सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी थानान्तर्गत मेचुका गांव निवासी विवके कुमार सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर थानान्तर्गत इंद्रप्रस्तपुरम कालोनी निवासी सूरज ने पुलिस को दिये तहरीर में लिखा है कि उनके बड़े भाई के बेटे की शादी लगभग १७ महीने पूर्व संतकबीरनगर निवासी खुशी के साथ हुई थी। आरोप है कि सोमवार रात लगभग १:३५ बजे खुशी घर से कीमती जेवरात,नगदी और लैपटॉप लेकर अपने प्रेमी विवेक उपरोक्त के साथ भाग गई। मामले में पुलिस सूत्रों की माने तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरु किया है,जिसमें आरोपी क्षेत्र के ही संगम चौराहा स्थित एक होटल में आरोपी महिला के साथ बात करता सीसीटीवी कैमरे में कैद मिला है। परिजनों को आशंका है कि दिन की मुलाकात के बाद दोनों रात के अंधेरे में फरार हो गये। बहरहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

छठ महापर्व के उपलक्ष्य में गोरक्षघाट पर चलाया गया वृहद स्वच्छता अभियान, महापौर और नगर आयुक्त ने किया श्रमदान

गोरखपुर, १३ नवम्बर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर



पर श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता एवं सुचारु व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज नगर निगम गोरखपुर द्वारा राजघाट (गोरक्ष घाट) पर वृहद स्तर पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। माननीय महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव एवं नगर आयुक्त अजय जैन की अध्यक्षता में आयोजित इस अभियान में नगर निगम के समस्त अपर नगर आयुक्त, सभी विभागाध्यक्ष, सहायक नगर आयुक्त,अधिकारी, पार्षद, एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और घाट परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित की। स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में नगर निगम की आईईसी (ट्वश्वष्ट) टीम और आम जनमानस के साथ-साथ स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं स्वच्छता चैंपियंस ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के पश्चात महापौर एवं नगर आयुक्त द्वारा अन्य प्रमुख घाटों जैसे डोमिनगढ़, तकिया घाट एवं हनुमानगढ़ी घाट पर पहुंचकर छठ पर्व की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये गये ।

विशेष ट्रेनों में उपलब्ध सीटों का व्यौरा जारी

गोरखपुर, १३ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की सुविधा हेतु अनेक विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों में 30 नवम्बर तक के लिये 13 नवम्बर को सायं बर्थ की उपलब्धता है। गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-शकूर बस्ती (दिल्ली) त्यौहार विशेष गाड़ी में 29 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 15, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 41 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 315 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05977 गोरखपुर-डिब्रूगढ़ त्यौहार विशेष गाड़ी में 26 नवम्बर को शयनयान श्रेणी में 17 बर्थ उपलब्ध है। बनारस से चलने वाली 05048 बनारस-कोलकाता त्यौहार विशेष गाड़ी में 24 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 790 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03528 गोरखपुर-आसनसोल त्यौहार विशेष गाड़ी में 14 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 76, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 350 एवं शयनयान श्रेणी में 383 बर्थ; 21 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 65, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 304 एवं शयनयान श्रेणी में 101 बर्थ तथा 28 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 342 एवं शयनयान श्रेणी में 360 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05634 गोरखपुर-नारंगी (गुवाहाटी) त्यौहार विशेष गाड़ी में 15 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 187 बर्थ तथा 29 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 145 बर्थ उपलब्ध है।

विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर समिति ने की तैयारी बैठक

गोरखपुर 13 नवम्बर। जायसवाल विकास समिति गोरखपुर की एक आवश्यक बैठक राप्ती नगर परिक्षेत्र के मंत्री दिनेश



कुमार जायसवाल के आवास पर केंद्रीय अध्यक्ष बृजेन्द्र स्वरूप जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन संयुक्त मंत्री रमेश कुमार जायसवाल व बालिस्टर प्रसाद गुप्ता ने किया।

बैठक में सर्वसम्मति से 29 नवम्बर दिन रविवार को दिन में 2:00 बजे से शगुन मैरेज हाउस शिवपुर शाहबाजगंज में समिति का वार्षिकोत्सव मनाने तथा समिति के कर्मठ पदाधिकारी व महिला आजीवन सदस्यों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर भाजपा के कृष्ण गोपाल जयसवाल को गोरखपुर परिक्षेत्र का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की मंत्री रागिनी जायसवाल, मनोनीत पार्षद ममता जायसवाल, महानगर कार्य समिति मोर्चा की मंत्री सिन्धु जायसवाल के मनोनयन पर अभिनन्दन किया जायेगा। समारोह में संचालन- रमेश कुमार जायसवाल, पंडाल साज-सज्जा- अवधेशकुमार गुप्ता,निमंत्रण प्रसार- बालिस्टर प्रसाद गुप्ता,पुरस्कार -सुभाषचन्द्र जायसवाल, जलपान व्यवस्था - नरेन्द्र कुमार जायसवाल को सौपी गई।अंत में एक प्रस्ताव द्वारा प्रसार मंत्री सुरेश चन्द्र जायसवाल के बैठक में न आने तथा उनके द्वारा भेजे गए ह्वाट्सएप संदेश की निन्दा की गई। बैठक में सुरेश चंद्र,अवधेशकुमार गुप्ता, तोता मणि गुप्ता ,रामजीत गुप्ता, रंजीत कुमार, सुभाष चंद्र जायसवाल, सुधानंद, नरेंद्र कुमार , ओम शिव वासुदेव, इंजीनियर सुकांत जायसवाल, राजदेव ,शिवशंकर, दिनेश,बिनोद जायसवाल उपस्थित रहे।

प्रत्येक नागरिक को न्याय प्राप्त करने का समान अधिकार-मीनाक्षी सिंहा

गोरखपुर, १३ नवम्बर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केवटत्वाधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर सेंट एंड्रयूज डिग्री कालेज के विधि विभाग में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी सिंहा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में सचिव श्रीमती सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि प्रत्येक नागरिक को न्याय प्राप्त करने का समान अधिकार है।उन्होंने नि:शुल्क विधिक सहायता,राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका एवं कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तार से बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आरएन सैमुअल,विधि विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर सतीश चंद्र बरनवाल, प्रोफेसर तनवीर आलम,अतुल सिंह,राकेश मिश्रा,आलोक सिंह, रंजना श्रीवास्तव, फहद अली सहित महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए नवाचार

गोरखपुर, १३ नवम्बर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, आर्यनगर में शुक्रवार को 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत जनपद स्तरीय परियोजना प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला अकादमिक समन्वयक डॉ. नितीश शुक्ला तथा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विष्णु प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि अजीत सिंह ने बाल वैज्ञानिकों द्वारा बनाए गए नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि देश निर्माण में वैज्ञानिकों द्वारा किए गए कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. नितीश शुक्ला ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा, तर्कशीलता एवं नवाचार की भावना विकसित करना है। जिले स्तर की प्रतियोगिता से चयनित बाल वैज्ञानिक आगे प्रदेश स्तर पर अपनी परियोजनाएं प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला समन्वयक पंकज शुक्ला ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों से आए बाल वैज्ञानिकों ने अपनी शोधपरक परियोजनाओं में स्थानीय समस्याओं, पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक समाधान एवं समाजोपयोगी नवाचारों पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष त्रिपाठी उपस्थित रहे।

तीन जोड़ी त्यौहार विशेष ट्रेन का होगा संचलन

गोरखपुर, १३ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ पर्व को ध्यान में रखते हुये रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05083/05084 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 16 एवं 21 नवम्बर को तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 18 एवं 23 नवम्बर को 2 फेरों के लिये किया जायेगा। 05083 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी 16 एवं 21 नवम्बर को छपरा से 20 बजे प्रस्थान कर मशरख से 21.02 बजे, दिघवा दुबौली से 21.24 बजे, गोपालगंज से 22.10 बजे, थावे से 23 बजे, तमकुही रोड से 23.40 बजे, दूसरे दिन पडरौना से 22 बजे, रामकोला से 44 बजे, कप्तानगंज से 1.15 बजे, पिपराइच से 1.33 बजे, गोरखपुर से 02.35 बजे, बस्ती से 3.37 बजे, गोंडा से 5 बजे, गोमती नगर से 7.30 बजे, ऐशबाग से 8.50 बजे, कानपुर सेंट्रल से 10.55 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से 16.20 बजे, बीना से 19.35 बजे, रानी कमलापति से 22.25 बजे, तीसरे दिन इटारसी से 12 बजे, खण्डवा से 2.42 बजे, भुसावल से 4.50 बजे, नासिक रोड से 8.15 बजे, इगतपुरी से 9.35 बजे, कल्याण से 11.08 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 12 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05084 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा त्यौहार विशेष गाड़ी 18 एवं 23 नवम्बर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 15 बजे प्रस्थान कर कल्याण से 15.45 बजे, इगतपुरी से 18.10 बजे, नासिक रोड से 18.42 बजे, भुसावल से 22.55 बजे, दूसरे दिन खण्डवा से 1.40 बजे, इटारसी से 4.25 बजे, रानी कमलापति से 6.40 बजे, बीना से 8.45 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से 10.55 बजे, कानपुर सेंट्रल से 15.05 बजे, ऐशबाग से 16.45 बजे, गोमती नगर से 17.50 बजे, गोंडा से 20.25 बजे, बस्ती से 21.35 बजे, गोरखपुर से 22.55 बजे, पिपराइच से 23.50 बजे, तीसरे दिन कप्तानगंज से 10 बजे, रामकोला से 40 बजे, पडरौना से 1.12 बजे, तमकुही रोड से 1.52 बजे, थावे से 3.10 बजे, गोपालगंज से 3.22 बजे, दिघवा दुबौली से 4.12 बजे, मशरख से 4.34 बजे से छूटकर छपरा 5.45 बजे पहुँचेगी। 05071/05072 छपरा-दिल्ली-छपरा त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 17 नवम्बर को तथा दिल्ली से 18 नवम्बर को 1 फेरे के लिये किया जायेगा। 05071 छपरा-दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी 17 नवम्बर को छपरा से 20.05 बजे प्रस्थान कर मशरख से 21.02 बजे, दिघवा दुबौली से 21.24 बजे, गोपालगंज से 22.02 बजे, थावे से 22.45 बजे, तमकुही रोड से 23.25 बजे, दूसरे दिन पडरौना से 4 बजे, रामकोला से 18 बजे, कप्तानगंज से 50 बजे, पिपराइच से 1.10 बजे, गोरखपुर से 2.20 बजे, खलीलाबाद से 03.05 बजे, बस्ती से 3.33

❖ विशेष ट्रेनों के फेरों में वृद्धि

बजे, गोंडा से 5.05 बजे, बुढ़वल से 6.22 बजे, सीतापुर से 8.20 बजे, शाहजहांपुर से 10.07 बजे, बरेली से 11.10 बजे, मुरादाबाद से 12.55 बजे तथा गाजियाबाद से 16.10 छूटकर दिल्ली 17.15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05072 दिल्ली-छपरा त्यौहार विशेष गाड़ी 18 नवम्बर को दिल्ली से 20.10 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 21.20 बजे, दूसरे दिन मुरादाबाद से 26 बजे, बरेली से 01.40 बजे, शाहजहांपुर से 2.37 बजे, सीतापुर से 4.50 बजे, बुढ़वल से 6.32 बजे, गोंडा से 7.45 बजे, बस्ती से 9.08 बजे, खलीलाबाद से 9.40 बजे, गोरखपुर से 10.30 बजे, पिपराइच से 11.22 बजे, कप्तानगंज से 11.45 बजे, रामकोला से 12.12 बजे, पडरौना से 12.34 बजे, तमकुही रोड से 13.17 बजे, थावे से 14.25 बजे, गोपालगंज से 14.42 बजे, दिघवा दुबौली से 15.30 बजे तथा मशरख से 15.52 बजे से छूटकर छपरा 17 बजे पहुँचेगी। 05073/05074 छपरा-नई दिल्ली-छपरा त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 18 नवम्बर को तथा नई दिल्ली से 19 नवम्बर को 1 फेरे के लिये किया जायेगा। 05073 छपरा-नई दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी 18 नवम्बर को छपरा से 23.05 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन मशरख से 3 बजे, दिघवा दुबौली से 24 बजे, गोपालगंज से 1.02 बजे, थावे से 1.45 बजे, तमकुही रोड से 2.25 बजे, पडरौना से 3.05 बजे, रामकोला से 3.20 बजे, कप्तानगंज से 3.50 बजे, पिपराइच से 4.10 बजे, गोरखपुर से 5.20 बजे, खलीलाबाद से 6.05 बजे, बस्ती से 6.33 बजे, गोंडा से 8.05 बजे, बुढ़वल से 9.22 बजे, सीतापुर से 11.20 बजे, शाहजहांपुर से 13.07 बजे, बरेली से 14.10बजे, मुरादाबाद से 15.55 बजे तथा गाजियाबाद से 19.10 छूटकर नई दिल्ली 20.15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05074 नई दिल्ली-छपरा त्यौहार विशेष गाड़ी 19 नवम्बर को नई दिल्ली से 23.10 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजियाबाद से 20 बजे, मुरादाबाद से 3.26 बजे, बरेली से 4.40 बजे, शाहजहांपुर से 5.37 बजे, सीतापुर से 7.50 बजे, बुढ़वल से 9.32 बजे, गोंडा से 10.45 बजे, बस्ती से 12.08 बजे, खलीलाबाद से 12.40 बजे, गोरखपुर से 13.30 बजे, पिपराइच से 14.22 बजे, कप्तानगंज से 14.45 बजे, रामकोला से 15.12 बजे, पडरौना से 15.34 बजे, तमकुही रोड से 16.17 बजे, थावे से 17.25 बजे, गोपालगंज से 17.44 बजे, दिघवा दुबौली से 18.30 बजे तथा मशरख से 18.52 बजे से छूटकर छपरा 20 बजे पहुँचेगी। 3 जोड़ी विशेष गाड़ियों का संचलन अतिरिक्त फेरों के लिए किया जायेगा। 04010 दिल्ली-सीतामढ़ी विशेष गाड़ी 26 नवम्बर को 1 अतिरिक्त फेरे के लिए चलाई जायेगी। 04009 सीतामढ़ी-दिल्ली विशेष गाड़ी 28 नवम्बर को 1 अतिरिक्त फेरे के लिए चलाई जायेगी। 04406 शकूर बस्ती-मानसी विशेष गाड़ी 15 एवं 16 नवम्बर को 2 अतिरिक्त फेरों चलाई जायेगी। 04405 मानसी-शकूर बस्ती विशेष गाड़ी 17 एवं 18 नवम्बर को 2 अतिरिक्त फेरों चलाई जायेगी। 04528 सरहिन्द-सहरसा विशेष गाड़ी 16 नवम्बर को 1 अतिरिक्त फेरों चलाई जायेगी। 04527 सहरसा-अम्बाला कैंट विशेष गाड़ी 17 नवम्बर को 1 अतिरिक्त फेरों चलाई जायेगी।

समूहगान प्रस्तुति में पिपरौली की टीम रही प्रथम

निज प्रतिनिधि

गोरखपुर 13 नवम्बर। परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की दो दिवसीय जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता जुबिली इंटर कॉलेज में आज भव्य समारोह के साथ शुरू हुआ।



प्रतियोगिता के प्रथम दिवस बालक एवं बालिका वर्ग में विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें दौड़, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो, लोकनृत्य, शतरंज तथा समूहगान प्रमुख रहे। जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।उद्घाटन समारोह में जिले के शिक्षक संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखपुर धीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने की। प्रतियोगिता का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है।प्राथमिक स्तर की 50 मीटर बालिका दौड़ में कैंपियरगंज की आरुषि ने प्रथम तथा आराधना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर बालक दौड़ में भटहट के दिनेश प्रथम एवं ब्रह्मपुर के आर्यन द्वितीय रहे। 100 मीटर बालिका दौड़ में भरोहिया की रूबी प्रथम तथा कैंपियरगंज की आरुषि द्वितीय

❖ समूहगान प्रस्तुति में पिपरौली की टीम रही प्रथम

स्थान पर रहीं। वहीं बालक वर्ग में भटहट के दिनेश ने प्रथम एवं ब्रह्मपुर के आदर्श ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालिका दौड़ में भरोहिया की आराधना प्रथम तथा पिपरौली की मीनाक्षी द्वितीय रहीं। बालक वर्ग में अंशु ने प्रथम तथा भटहट के अभिजीत ने द्वितीय स्थान हासिल किया।सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में लोकगीत में पिपरौली की टीम प्रथम तथा नगर क्षेत्र की टीम द्वितीय रही। राष्ट्रीय एकांकी में नगर क्षेत्र की टीम ने प्रथम एवं कौड़ीराम की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं समूहगान में पिपरौली की टीम प्रथम तथा नगर क्षेत्र की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षिका रीना सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक श्रवण यादव, शिक्षक अकरम परवेज, प्रेम नारायण गुप्त, अखिलेश यादव, रजनीश चंद्र त्रिपाठी, मोहम्मद खालिद, महेंद्र चतुर्वेदी, हर्ष श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, खेल अनुदेशक देवेंद्र लाल, ज्ञानेश्वर लाल, निलेंश श्रीवास्तव, देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रेमलता सिंह, सुनील पासवान, अरविंद कुमार, संजय कुमार शर्मा, शेषनाथ यादव, अनिरुद्ध राजभर, बृजेश, प्रेमलता भारती, विनोद कुमार, डॉ. प्रेमलता सिंह, सौम्या गुप्ता, कंचन चतुर्वेदी, शिखा श्रीवास्तव, प्रीति सिंह, अमिता एवं मोहम्मद जमजम सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं खेल अनुदेशक उपस्थित रहे।